प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 05.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरु हो गया है। पांच कार्यदिवस वाले सत्र के पहले दिन राज्यपाल द्वारा सत्रावधि में जारी अध्यादेशों और एटीआर की विवरणी सदन के पटल पर रखी गयीं। वहीं, शोक प्रस्ताव पेश कर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद सदन को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रबींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह सदन केवल ईंट–पत्थरों का भवन नहीं, यह वह धरोहर है, जहां जनता की आशाएं प्रतिध्वनित होती हैं।

****

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए सभापति मनोनित कर लिया गया। आज विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन में इसकी घोषणा की। स्टीफन मरांडी, सीपी सिंह, निरल पूर्ति, रामचंद्र सिंह और डॉ नीरा यादव को सभापति मनोनित किया गया है। श्री महतो ने कार्यमंत्रणा समिति की भी घोषणा की। अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के साथ सदस्य के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, निरल पूर्ति और अरूप चटर्जी को शामिल किया गया है।

****

भारत दौरे पर आये रुसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया कि 2030 तक के लिए आर्थिक सहयोग पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद से निपटने पर भी चर्चा हुई।

****

रिज़र्व बैंक ने आज नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 5 दशमलव दो पांच प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही स्थायी जमा सुविधा दर 5 प्रतिशत पर निर्धारित की जाएगी, जबकि सीमांत स्थायी सुविधा दर और बैंक दर 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर समायोजित होगी। छह सदस्यीय समिति ने दरों में कटौती के लिए सर्वसम्मति से मतदान किया।

****

रांची जिले के अनगड़ा थाना क्षेत्र के गोंदलीपोखर इलाके में आज एक जेवर दुकान में लूट की घटना सामने आई है। गोंदलीपोखर स्थित ज्वेलरी दुकान से गहनों से भरा एक बैग लेकर बाइक सवार दो युवक फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गयी है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

****

चतरा जिले में रिश्तों को शर्मशार कर देने वाली एक खौफनाक घटना सामने आयी है। एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति का पहले अपहरण किया और फिर उसे बेरहमी से मार डाला। पुलिस ने महिला और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रेमी की तलाश की जा रही है। एसडीपीओ संदीप कुमार सुमन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर अपहृत संजू भारती के शव को पुलिस ने संघरी घाटी से बरामद कर लिया है।

****

गोड्डा सदर अस्पताल में रोगियों की सुविधा के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

रांची से आई उत्पाद विभाग की टीम ने हजारीबाग के विष्णुगढ़ के आठ माइल और बादीखरना में छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब और उसका कच्चा माल जब्त किया गया। सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू ने बताया कि मौके से 2000 लीटर तैयार अंग्रेजी शराब और 4000 लीटर स्प्रीट बरामद किया गया है।

*********समाप्त**********